## संपादकीय

# उम्मीदों की सरकार

भाजपा को दूसरी पारी में पहले से अधिक जनाधार मिलना इस बात का संकेत है कि राजग सरकार से उम्मीदों का स्तर बहुत ऊंचा है। यह भी कि पिछले पांच साल के कार्यकाल में खामियों के बावजूद जनता का भरोसा कायम है कि नरेंद्र मोदी पिछली योजनाओं को क्रियान्वित करने के साथ ही बदलावकारी योजनाओं के वाहक बन सकते हैं। दूसरी पारी के भरपूर जनादेश का निष्कर्ष यह भी है कि नेतृत्व पर कुछ कर गुजरने का विश्वास कायम है। उम्मीद है कि दूसरी पारी में मोदी अपने ध्येय वाक्य-'सबका साथ, सबका विकास' को हकीकत में बदलता दिखाने में सफल होंगे। दक्षिणपंथी सोच वाली पार्टी होने के बावजूद भाजपा ने जिन जनवादी योजनाओं के जरिये हर एक को लाभ पहुंचाने की कोशिश की, उसने भाजपा को दोबारा सत्ता में लौटने में मदद की। चुनाव से पहले देश में जो किसान आंदोलन हुए, उसके मद्देनजर सरकार को किसानों की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करना चाहिए। मौसम की तल्खी व विपणन की दिक्क तों से दो-चार किसान को राहत महसूस हो। पिछली पारी में किसानों की आय दोगुनी करने का जो वायदा किया था, उसका हकीकत बनना सामने आये। साथ ही किसान सम्मान योजना का विधिवत जारी रहना भी जरूरी है। सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती बेरोजगारी को सरकार को बड़ी चुनौती के रूप में देखना चाहिए। यह जानते हुए कि पिछली बार जो करोड़ों रोजगार देने के वायदे सरकार ने किये थे, उसे निभाने का वक्त आ चुका है। ध्यान में रखते हुए कि नोटबंदी व जीएसटी के चलते असंगठित क्षेत्र में रोजगारों की संख्या घटी है, इस खामी को दूर करके रोजगार सृजन को प्राथमिकता दिये जाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री पहली व दूसरी पारी में वर्ष 2022 को लेकर अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं को सिरे चढ़ाने की बात करते रहे हैं।

दरअसल, 2022 भारत की आजादी का हीरक जयंती वर्ष है। सरकार से उम्मीद है कि हर व्यक्ति को रोटी, कपड़ा और मकान जैसे मूलभूत हक मिलें। नौकरशाही को भी जवाबदेह बनाने की जरूरत है ताकि महत्वाकांक्षी योजनाओं के लक्ष्य हासिल किये जा सकें। देश को ऊंचाइयों तक पहुंचाने की कोशिश प्राथमिकता के आधार पर की जाये। हालिया जनादेश की विसंगति यह भी है कि भाजपा को पूर्व, पश्चिम व उत्तर में तो व्यापक जनाधार मिला है, मगर दक्षिण भारत में उसका विजय रथ रुका है। ऐसे में शेष भारत व दक्षिण का जो द्वंद्व है, उसे ठंडे दिमाग से देखना चाहिए ताकि भविष्य में यह असंतोष का वाहक न बने। मोदी सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती आर्थिक मोर्चे पर है। जीएसटी की विसंगति सामने है, जिसमें सरकार ने सुधार के प्रयास किये हैं। आगे भी ऐसी कोशिशों की जरूरत महसूस की जाती रहेगी। मानसून में कमी भी सरकार की चिंता का विषय होना चाहिए, जिसे वरीयता के आधार पर देखा जाना चाहिए। मंदी की आहट के प्रभावों को निष्क्रिय करने की भी जरूरत है।

# भारत में नकली नोट पहुंचाने आईएसआई, डी-कंपनी ने तलाशा नया मार्ग



नई दिल्ली (आरएनएस)। नकली नोटों की देश में आमद पर पिछले दिनों विराम लग गया था, लेकिन अब फिर भारत के पूर्वी सीमावर्ती क्षेत्रों में भारी पैमाने पर इसकी आमद होने लगी है।

राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) की जांच से खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान स्थित आईएसआई और डी-कंपनी की सांठगांठ से देश में नकली नोटों की आपूर्ति दोबारा शुरू हो गई है। नकली नोटों का कारोबार करने वाले गिरोह के सरगना यूनुस अंसारी की नेपाल में गिरफ्तारी के बाद इस सांठगांठ से परदा हटा। भारतीय खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। भारतीय अधिकारियों के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि अंसारी का आईएसआई और दाउद इब्राहिम से करीबी संबंध है और वह नकली नोटों का कारोबार करने वाले गिरोह का सबसे बड़ा खिलाड़ी है।

अंसारी के साथ-साथ तीन पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, जिनकी पहचान मुहम्मद अख्तर, नादिया अनवर और नसीरुद्दीन के रूप में की गई। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारी के वक्त अंसारी और उसके सहयोगियों के पास से सात करोड़ रुपये मूल्य के नकली नोट बरामद हुए। अंसारी की गिरफ्तारी से यह भी पता चला कि भारत में नकली नोट भरने का जरिया अब नेपाल नहीं रहा, बल्कि अब बांग्लादेश से लगती भारत की पूर्वी सीमा के रास्ते नकली नोट आ रहे हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान पहले भारत में नकली नोट भेजने के लिए नेपाल के रास्ते का उपयोग करता था। यह बात एनआईए की जांच में सामने आई है। हाल ही में पश्चिम बंगाल के एक आदमी को 10 लाख रुपये मूल्य के नकली नोटों के साथ आनंद विहार रेलवे स्टेशन से दबोचा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने इस बात का खुलासा किया कि नकली नोट बांग्लादेश में छापे गए थे और उसे राष्ट्रीय राजधानी के व्यस्त बाजारों व दुकानों में खपाने की योजना थी।

# भारत में ऑडी ए3 सिडैन अब 28.99 लाख रुपये में

मुंबई (आरएनएस)। जर्मन लक्जरी कार मैन्युफैक्च रर ऑडी की लोकप्रिय कॉम्पैक्ट लक्जरी सिडैन ऑडी ए3 ने भारत में अपने पांच वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर कंपनी ने इस मॉडल की एक खास कीमत की घोषणा की है। ऑडी ए3 सिडैन अब भारत में 28,99,000 रुपये की शुरुआती कीमत से उपलब्ध है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वर्ष 2014 में भारत में लांच होने के बाद से ऑडी ए3 सिडैन ने डिजाइन, टेक्नोलॉजी और कॉम्पैक्ट आकार में ड्राइविंग डायनमिक्स में ऑडी की विशेषज्ञता को दर्शाया है। इससे पहले ये गुण ऑडी ब्रांड की फुल-साइज लक्जरी कारों में ही प्रदर्शित होते थे। ऑडी ए3 ने तुरंत युवा और स्टाइलिश उपभोक्ताओं को ऑडी परिवार की ओर आकर्षित किया और तब से यह इस सैगमेंट की सबसे कामयाब कारों में से एक बन चुकी है।




## सरकार नए सुधारवादी कदम उठाने के लिए प्रतिबद्धः नीति आयोग

नई दिल्ली (आरएनएस)। नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा है कि सरकार आर्थिक वृद्धि को गति देने, निजी निवेश बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए नए सुधारवादी कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। कुमार ने आयुष मंत्रालय की ओर से शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम से इतर कहा कि सरकार अगले 100 दिनों में नए सुधारवादी कदम उठाना शुरू करेगी। सीएसओ के आंकड़ों के मुताबिक, आर्थिक वृद्धि चौथी तिमाही में सुस्त होकर 5.8 प्रतिशत पर आ गई। यह 5 साल का निम्नतम स्तर है। उन्होंने कहा, सरकार आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सुधार की नई पहल शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम वृद्धि में तेजी, निजी निवेश बढ़ाने और कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिए अगले 100 दिनों में कदम उठाएंगे।

# स्टार फुटबॉलर नेमार पर लगा महिला से बलात्कार का आरोप

रियो डि जनेरियो (आरएनएस)। ब्राजील फुटबॉल टीम के स्टार स्ट्राइकर नेमार पर एक अज्ञात महिला ने रेप का आरोप लगाया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि पीड़िता ने नेमार पर पेरिस की होटल में रेप किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की। वहीं, नेमार के पिता ने कहा कि महिला मेरे बेटे को ब्लैकमेल कर रही है।


साओ पाउलो पुलिस के पास दर्ज शिकायत के अनुसार, नेमार पर पीड़िता की असहमति के बावजूद उसके साथ हिंसक यौन संबंध बनाने का आरोप है। हालांकि, साओ पाउलो पुलिस ने इस शिकायत की कॉपी को गोपनीय बताते हुए देने से इनकार कर दिया। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि वह ब्राजील की रहने वाली है। उसने कहा- मेरी नेमार से दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई। हम एक दूसरे को मैसेज करने लगे। एक दिन नेमार ने पेरिस चलने को कहा, तो मैंने हां कर दी। यहां नेमार नशे की हालत में होटल पहुंचे और बातचीत करते हुए गलत तरीके से छूने की कोशिश करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने मारपीट की और मेरे साथ दुष्कर्म किया।



इस मामले में नेमार के पिता नेमार सांतोस ने एक इंटरव्यू में कहा, च्यह सच नहीं है। वह अपराध कर ही नहीं सकते। मेरा बेटा ब्लैमेलिंग का शिकार बनाया गया है। हमारे पास सभी सबूत हैं और हमने अपने वकील को दे दिया है।ज उन्होंने बताया कि नेमार और महिला एक बार डेट पर गए थे, लेकिन उसके बाद फुटबॉलर महिला से मिलना नहीं चाहता था। दूसरी ओर, अब महिला उनकी फैमिली से पैसे ऐंठना चाह रही है।

# अमेरिकी न्याय विभाग करेगा गूगल की जांच

सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)। अमेरिकी न्याय विभाग गूगल के खिलाफ एक मामला खोलने की तैयारियों में जुटा है, जोकि एकाधिकार उल्लंघनों से संबंधित है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने यह जानकारी दी है। यह ऐसे समय हुआ है, जब बहस चल रही है कि क्या बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों को तोड़कर छोटी-छोटी कंपनियों में बांट दिया जाना चाहिए। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है, इस साल फरवरी में नई एंटीट्रस्ट टास्क की घोषणा की गई, जिसके बाद ट्रेड कमीशन ने गूगल की जांच में रुचि ली है।



हाल के हफ्तों में आयोग ने कंपनी के बारे में न्याय आयोग में शिकायतें दर्ज कराई हैं। यह जानकारी मामले की जानकारी रखनेवाले विभाग के दो लोगों से मिली है।आयोग ने टेक दिग्गज के खिलाफ शिकायत दर्ज करानेवाली कंपनियों को न्याय विभाग के समक्ष शिकायत दर्ज कराने को कहा है। यह गूगल के लिए नई बात नहीं है। कंपनी ने अतीत में एंटी ट्रस्ट मामलों में जांच का सामना किया है। साल 2013 में गूगल ने कहा था कि वह अपने कारोबार के तौर तरीकों में बदलाव लाने जा रही है, जब उसने अमेरिकी संघीय व्यापार आयोग के समझ समझौता करने पर सहमति जताई थी।

## राइड एशिया एक्सपो में 4 लाख रुपये की साइकिल

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रगति मैदान में चल रहे चार दिवसीय राइड एशिया 2019 एक्सपो में एक तरफ जहां 1500 से 4 लाख तक की साइकिलें शामिल हैं, तो दूसरी तरफ 50,000-70,000 रुपये की ई-स्कूटर और 1.5-2.5 लाख रुपये की ई-रिक्शा मौजूद हैं। प्रगति मैदान में चल रहे चार दिवसीय ई वाहन, साइकिल स्पोर्ट्स एवं फिटनेस पर आधारित प्रदर्शनी में तीसरे दिन शनिवार को भी लोगों की काफी भीड़ देखी गई। इस प्रदर्शनी को उड़ान मीडिया एवं कम्युनिकेशन प्रा. लि. आयोजित किया गया है। इस प्रदर्शनी में दुनिया भर से 250 से ज्यादा कंपनिया हिस्सा ले रही हैं। प्रदर्शनी 2 जून तक चलेगी। इस प्रदर्शनी में मुख्य आकर्षण का केंद्र हॉल न. 11 में लगी वॉकमेन कंपनी की स्टाल है जो की दिव्यांगजनो के लिए है। इस स्टाल पर दिव्यांगो के लिए ई-वाहन, साइकिल की बहुत सी रेंज उपलब्ध है वही हॉल न. 11 में मौजूद रोलर्स इंडिया की सबसे महंगी साइकिल लोगों को बहुत लुभा रही है जिसकी कीमत 4 लाख रुपये है।

# फ्रेंच ओपन : उलटफेर का शिकार हुई विलियम्स

पेरिस (आरएनएस)। अमेरिका की महिला टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स यहां साल के दूसरे ग्रैंड स्लैम फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में उलटफेर का शिकार हो गई। सेरेना को दो सेट तक चले मुकाबले में हमवतन सोफिया केनिन ने 6-2, 7-5 से पराजित किया। समाचार एजेंसी एफे के अनुसार, इस हार के साथ ही 37 वर्षीय सेरेना का सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी करने का सपना भी टूट गया।

आस्ट्रेलिया की मार्गरेट कोर्ट ने सबसे अधिक 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। सेरेना 23 ग्रैंड स्लैम के साथ दूसरे पर नंबर हैं। केनिन ने दमदार प्रदर्शन किया और पहले सेट के बीच में सेरेना की सर्विस ब्रेक करते हुए 4-2 की बढ़त बना ली। पहला सेट हारने के बाद दूसरे सेट में सेरेना ने अपने प्रदर्शन को बेहतर किया। हालांकि, केनिन ने दूसरे सेट में भी 2-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन सेरेना ने वापसी करते हुए मैच को रोचक बनाए रखा।

सेरेना को हालांकि, 7-5 से हार झलेनी पड़ी। यह मैच एक घंटे और 32 मिनट तक चला। अगले दौर में केनिन का सामना आस्ट्रेलिया की एश्ले बार्टी से होगा जिन्होंने एंड्रेया पेटकोविक को 6-3, 6-1 से हराया। दूसरी ओर, वर्ल्ड नंबर-1 जापान नाओमी ओसाका भी हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। ओसाका को चेक गणराज्य की केटरिना सिनिकोवा ने 6-4, 6-2 से पराजित किया। सनिकोवा का सामना अगले दौर में अमेरिका की मेडिंसन की से हागा जिन्होंने तीसरे दौर में रूस की एना ब्लिंकोवा को 6-3, 6-7 (5-7), 6-4 से शिकस्त दी।



## आज का राशिफल

मेषः- आज का दिन शुभ है। आज की गई यात्रा से लाभ के नए अवसर मिलेंगे। नौकरी और व्यवसाय में शुभता मिलेगी। आज आपका विरोधी पक्ष आप पर हावी नहीं हो सकेगा।

वृषभः- आपकी नौकरी-व्यवसाय में कुछ परेशानियां आने की संभावना है। इसके अलावा आपके स्थान परिवर्तन करने का भी योग है।

मिथुनः- नौकरी और व्यवसाय में आपका प्रभाव बढ़ेगा। इसके अलावा कार्यक्षेत्र में भी विस्तार होने का प्रबल योग है। आज अलग-अलग क्षेत्रों के विशिष्ट लोगों से मुलाकात संभव है।

कर्कः- लंबे समय से चली आ रही परेशानियों का अंत होने का योग है। हालांकि अभी भी कुछ उतार-चढ़ाव का दौर देखने को मिल सकता है।

सिंहः- आज आपकी सोच सकारात्मक रहेगी। आपकी सूझबूझ से आज आपको हर कार्य में सफलता मिलने का भी योग है। इसके अलावा आज आपके शत्रु परास्त होंगे।

कन्याः- हो सके तो आज यात्रा टाल दें अन्यथा असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। वाहन चलाने में सावधानी बरतें।

तुलाः- आज आसपास की गई यात्रा से आपको नौकरी और व्यवसाय में लाभ मिलेगा। आज के दिन आपको बुजुर्गों और साधु-संतों का भरपूर आशीर्वाद मिलेगा।

वृश्चिकः- आज के दिन आपको कहीं से शुभ समाचार मिलेगा। आपके कार्यों के चलते आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हालांकि आज का दिन काफी व्यस्तता वाला है।

धनुः- आज लंबे समय से चल रहे प्रेम संबंधों में कुछ खटास आ सकती है। वहीं प्रेम के नए रिश्तों की शुरुआत में भी निराशा मिलने का योग है।

मकरः- आज के दिन किसी के साथ भी वाद-विवाद से बचें। वाणी में माधुर्य बनाए रखें। ऑफिस में आज काम अधिक होने से थोड़ा टेंशन हो सकती है।

कुंभः- आज आपके कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आज सोचे हुए कार्य पूर्ण होने का योग बन रहा है। नौकरी में हैं तो आज किसी बड़े अधिकारी का समर्थन मिलेगा। पदोन्नति के भी योग बन रहे हैं।

मीनः- आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरी में आपको पदोन्नति का योग बन रहा है। व्यवसाय में भी तरक्की के योग हैं। साझेदारी करने की सोच रहे हैं तो सोच-समझकर करें।

## पापड़ की सब्जी बनाने की विधि...



### सामग्री :

उरद दाल पापड़ -1, तेल -3 चम्मच, जीरा -1 चम्मच, तेजपत्ता -1, राई -1 चम्मच, हींग -1 चम्मच, प्याज का पेस्ट -1/2 कप, टमाटर प्यूरी -1/2 कप (2 टमाटर ), धनिया पाउडर -1चम्मच, हल्दी पाउडर -1 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर -1 चम्मच, नमक -1 कप (स्वाद अनुशार), दही -2 चम्मच, गरम मसाला -1 चम्मच

### विधि :

सबसे पहले एक पैन में तेल डालें। जब तेल गरम हो जाए तो उसमें जीरा, राई, हींग और तेजपत्ता डाल कर सुनहरा रंग होने तक भूनें। फिर उसमें प्याज का पेस्ट डाल दें और उसे भुनें।प्याज के भुन जाने पर उसमे टमाटर की प्यूरी डाल दें। इसमें धनिया पाउडर, हल्दी पाउडर और लाल मिर्च पाउडर डाल कर उसे 5 मिनट तक भुनें। चाहें तो जब तक मसाला भुन रहा है, आप पापड़ फ्राई कर लें। जब मसाला भुन जाए तब उसमें थोड़ा सा पानी डाल दें और उसे मिलाएं। शोरबा बनाने के लिए पानी की मात्रा अपने हिसाब से कम या ज्यादा कर सकती हैं। इसमें गरम मसाला, दही और स्वादानुसार नमक डाल दें और उसे 2-3 मिनट तक पकाएं। फिर उसमें पापड़ को तोड़कर डाल दें और कटे हुए धनिया पत्ता को भी डाल दें और उसमे मिलकर गैस बंद कर दें।


## शब्द सामर्थ्य- 83

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 82 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | | पा | व | क | | बे | ल |
| | र | ज | नी | च | र | | | टट्टू |
| मु | स्का | न | | न | म | की | न | |
| सा | र | | स | | | ट | ख | ना |
| फि | | अ | जा | य | ब | | रा | जा |
| र | च | ना | | था | ल | | | य |
| | | धि | | र्थ | | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | | आ | वा | ज | |
| ल्लू | | त | | | ब | ल | रा | म |

## सू-दोकू- 83

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.82 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |